Title: Need to take action to control floods in Eastern Uttar Pradesh.

श्री श्रीराम चौहान (बस्ती) : माननीय सभापति जी, पूर्वी उत्तर प्रदेश बाढ़ की चपेट में आ गया है। वहां घाघरा, बूढ़ी राफती और राप्ती ये सारी नदियां खतरे के निशान से काफी ऊपर चढ़ रही हैं। पूरे क्षेत्र में पानी फैल गया है और हजारों गांव बाढ़ में डूबे हुए हैं। लाखों एकड़ फसल क्षतिग्रस्त हो गई है। मेरे संसदीय क्षेत्र में घाघरा नदी पर विक्रम डैम है, वहां पर दुधारा गांव उसके कटान पर है और बांध तथा पानी के बीच में सिर्फ ५० मीटर की दूरी रह गई है। यदि यह बांध कट गया तो काफी जानमाल की क्षति होगी। घोंडा जिले में आइली गांव है, वहां भी जबर्दस्त कटाव हो रहा है। इसलिए कटाव को रोकने के लिए आइली और विक्रम डैम के समीप दुधारा गांव को पानी से रोकने के लिए मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस पर ध्यान दिया जाए और जो भी क्षतिपूर्ति की मांग उत्तर प्रदेश सरकार करे, उसको भी तुरंत देने की मैं अपील करता हूं।